## अध्याय - 3 | उपभोक्तावाद की संस्कृति

**QUIZ PART-02**

1. **उपभोक्ता संस्कृति का सबसे बड़ा खतरा क्या बताया गया है?**
   A. आर्थिक विकास में बाधा
   B. पारिवारिक विघटन
   C. सांस्कृतिक ह्रास
   D. विदेशी वस्तुओं की कमी (C)

*व्याख्या :* पाठ में स्पष्ट कहा गया है कि उपभोक्ता संस्कृति का सबसे बड़ा खतरा सांस्कृतिक ह्रास है।

2. **भारत में उपभोक्ता संस्कृति के विकास का मुख्य कारण क्या है?**
   A. आर्थिक प्रगति
   B. विदेशी निवेश
   C. सांस्कृतिक अनुकरण और बौद्धिक दासता
   D. शिक्षा का प्रसार (C)

*व्याख्या :* भारत में उपभोक्ता संस्कृति का विकास पश्चिमी संस्कृति के अंधानुकरण और बौद्धिक दासता के कारण हो रहा है।

3. **अमेरिका में आज क्या हो रहा है?**
   A. अपराध बढ़ रहे हैं
   B. सुख-साधनों की तलाश
   C. लोग अपने अंतिम संस्कार का जीते-जी प्रबंध कर रहे हैं
   D. पागलपन का व्यवहार (C)

*व्याख्या :* अमेरिका में लोग अपने अंतिम संस्कार और विश्राम का प्रबंध पहले से ही एक कीमत पर कर लेते हैं।

4. **हमारे समाज को कौन चला रहा है?**
   A. पश्चिमी अनुकरण
   B. पश्चिमी संस्कृति
   C. अन्य समाज
   D. विज्ञापन और प्रसार माध्यम (D)

*व्याख्या :* हमारे समाज को विज्ञापन और प्रसार के सूक्ष्म तंत्र चला रहे हैं।

5. **'हम लक्ष्य-रहित हैं' का अर्थ क्या है?**
   A. हमें अपने भविष्य की योजनाओं की जानकारी है
   B. हम अपने लक्ष्य स्पष्ट कर चुके हैं
   C. हम सतही लक्ष्यों के पीछे भाग रहे हैं
   D. हम धार्मिक कार्यों पर केंद्रित हैं (C)

*व्याख्या :* इसका अर्थ है कि हम सतही और तात्कालिक लक्ष्यों के पीछे भाग रहे हैं, न कि स्थायी उद्देश्यों की ओर।

6. **उपभोक्ता संस्कृति का फैलाव किस ओर ले जा रहा है?**
   A. सामाजिक एकता की ओर
   B. सामाजिक अशांति की ओर
   C. सांस्कृतिक पुनर्जागरण की ओर
   D. आर्थिक संतुलन की ओर (B)

*व्याख्या :* उपभोक्ता संस्कृति का फैलाव समाज में दूरी और सामाजिक अशांति को जन्म दे रहा है।

7. **उपभोक्ता संस्कृति किसकी नींव को हिला रही है?**
   A. राजनीति की
   B. सामाजिक नींव की
   C. शिक्षा प्रणाली की
   D. आर्थिक व्यवस्था की (B)

*व्याख्या :* यह संस्कृति हमारी सामाजिक नींव को ही तहला रही है।

8. **गाँधीजी का उपभोक्ता संस्कृति के बारे में क्या विचार था?**
   A. हमें पूरी तरह से पश्चिम को अपनाना चाहिए
   B. हमें अपनी बुनियाद पर कायम रहना चाहिए
   C. हमें सभी दरवाज़े बंद कर लेने चाहिए
   D. हमें केवल आधुनिकता को अपनाना चाहिए (B)

*व्याख्या :* गाँधीजी ने कहा था कि हमें अपनी बुनियाद पर कायम रहकर बाहरी प्रभावों को स्वीकार करना चाहिए।

9. **'छद्म आधुनिकता' से क्या आशय है?**
   A. सच्ची आधुनिकता
   B. बनावटी आधुनिकता
   C. परंपरा का पालन
   D. आर्थिक विकास (B)

*व्याख्या :* छद्म आधुनिकता का अर्थ है बनावटी आधुनिकता, जिसमें हम अपना खोकर दिखावे की आधुनिकता अपनाते हैं।

10. **उपभोक्ता संस्कृति का अंतिम परिणाम क्या माना गया है?**
    A. नैतिक मानदंडों का सुदृढ़ होना
    B. सामाजिक शांति
    C. नैतिक मानदंडों का ढीला पड़ना और अशांति
    D. प्रगति और विकास (C)

*व्याख्या :* उपभोक्ता संस्कृति का अंतिम परिणाम नैतिक मानदंडों का ढीला पड़ना और सामाजिक अशांति है।